
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

25 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

मेहनत से सुख प्राप्त करने वाला व्यक्ति,
दूसरों की मेहनत का भी सम्मान करता है।



- आचार्य चाणक्य

*Vishwa Vijay Singh*


www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष
25 जनवरी

मधु प्रिया

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी




भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक देश है, जहां जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का शासन होता है। भारत की आजादी के बाद 26 जनवरी 1950 में देश में संविधान लागू हुआ। भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिकों को कुछ अधिकार दिए गए। इन अधिकारों के साथ ही आदर्श नागरिक के लिए कुछ कर्तव्य भी निर्धारित किए गए। संविधान में भारत के नागरिक के जो कर्तव्य हैं, उनमें से एक मतदान का अधिकार है। वोटर का बहुमूल्य मत दल विशेष को पांच साल के लिए सत्ता में लाता है। इस तरह के देश व राज्य के लिए विकास के लिए एक नागरिक होने का कर्तव्य पूरा कर सकते हैं। हालांकि देश में मतदान का रुझान कम है। वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हर वर्ष जनवरी माह में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। 18 वर्ष की आयु के बाद हर आयु, वर्ग और लिंग के लोगों को मतदान का अधिकार है। हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग इस साल पूरे देश में 11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाएगा। 25 जनवरी 2011 में तात्कालिक राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' का शुभारंभ किया था।राष्ट्रीय मतदाता दिवस को 25 जनवरी के दिन मनाने का एक खास कारण है। भारत की आजादी के तीन वर्ष बाद जब 1950 में 26 जनवरी को संविधान लागू किया गया, तो उससे एक दिन पहले यानी 25 जनवरी 1950 को चुनाव आयोग की स्थापना हुई। भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस के दिन राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का फैसला लिया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हर वर्ष आयोजन सभी भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन लोगों को यह भी बताता है कि हर व्यक्ति के लिए मतदान करना जरूरी है। भारत के प्रत्येक नागरिक का मतदान प्रक्रिया में भागीदारी जरूरी है, क्योंकि आम आदमी का एक वोट ही सरकारें बदल देता है। हम सबका एक वोट ही पलभर में एक अच्छा प्रतिनिधि भी चुन सकता है और एक बेकार प्रतिनिधि भी चुन सकता है इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने मत का प्रयोग सोच-समझकर करना चाहिए और ऐसी सरकारें या प्रतिनिधि चुनने के लिए करना चाहिए, जो कि देश को विकास और तरक्की के पथ पर ले जा सकें।



हरिवंश राय बच्चन जी का जन्म 27 नवम्बर 1907 को

Teachers of Bihar

The change makers

# पुण्यतिथि विशेष 25 जनवरी



महिला सशक्तिकरण की मुखर पक्षधर, प्रख्यात हिंदी लेखिका एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित

# कृष्णा सोबती जी

**कृष्णा सोबती** *Krishna Sobti*, जन्म: 18 फ़रवरी, 1925, गुजरात(अब पाकिस्तान में) - निधन: 25 जनवरी 2019, दिल्ली) अपनी साफ-सुधरी रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के लिए जानी जाती हैं। इन्होंने हिन्दी की कथा-भाषा को अपनी विलक्षण प्रतिभा से अप्रतिम ताज़गी और स्फूर्ति प्रदान की है। कृष्णा सोबती ने पचास के दशक से ही अपना लेखन कार्य प्रारम्भ कर दिया था। इनकी पहली कहानी 'लामा' थी, जो 1950 ई. में प्रकाशित हुई थी।





# TOB
# खेल कॉर्नर





## T-20 वर्ल्ड कप का इतिहास

- टी-20 वर्ल्ड कप इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) द्वारा आयोजित एक प्रमुख इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट है।
- पहला टी20 विश्व कप 2007 में साउथ अफ्रीका में आयोजित किया गया था, जिसे भारत ने जीता था। एमएस धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 5 रनों से हराया था।
- यह टूर्नामेंट आमतौर पर हर दो साल में आयोजित किया जाता है। अब तक यह टूर्नामेंट 9 बार आयोजित किया जा चुका है। पिछली बार वेस्टइंडीज और USA ने इसे होस्ट किया था।
- 2020 और 2022 में कोविड-19 महामारी के कारण इस टूर्नामेंट का आयोजन नहीं हुआ था। इसे आगे बढ़ाया गया था, जोकि बाद में आयोजित किया गया था।
- अब तक 6 देश टी-20 वर्ल्ड कप जीत चुके हैं। भारत, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने 2 बार खिताब जीते हैं। जबकि ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और श्रीलंका एक-एक बार चैंपियन बने हैं।
- शुरुआत में टी-20 वर्ल्ड कप में 12 टीमें खेलती थीं। 2016 में टीम की संख्या 16 कर दी गई, जिसे 2024 में बढ़कर 20 कर दिया गया।
- टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन विराट कोहली (1292 रन) ने बनाए हैं। जबकि सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (50 विकेट) के नाम है।
- टी-20 वर्ल्ड कप का पिछला खिताब भारत ने जीता है। टीम ने साउथ अफ्रीका को हराया। फाइनल में विराट कोहली को मैन ऑफ द मैच, जसप्रीत बुमराह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था।



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **25.01.2026**

## सहपाठी शिक्षण

जब विद्यार्थी अपने ही सहपाठियों को पढ़ाते हैं तथा एक-दूसरे के साथ ज्ञान और अनुभव साझा करके सीखते हैं, तो इस शिक्षण पद्धति को सहपाठी शिक्षण **(Peer Teaching)** कहते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




बसंत पंचमी (Basant Panchmi) हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है, लेकिन दिल्ली की हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर भी यह त्योहार पिछले 700 सालों से मनाया जा रहा है। इस दिन दरगाह में मुस्लिम समुदाय के लोग पीले वस्त्र पहनते हैं और हिंदू-मुस्लिम मिलकर उत्सव मनाते हैं।

# पद्य पंकज

"

करने वाला इतिहास निर्माता होता है,
सिर्फ सोचते रहने वाला इतिहास के
भयंकर रथचक्र के नीचे पिस जाता है।
इतिहास का रथ वो हाँकता है, जो
सोचता है, और सोचे को करता भी है।

हजारी प्रसाद द्विवेदी

Madhu priya


www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
VOTE!
राष्ट्रीय मतदाता दिवस
VOTE
VOTE
VOTE
25 जनवरी
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

24 जनवरी

# International Day Of The Girl Child




25 जनवरी
राष्ट्रीय पर्यटन दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

Teachers
Of
Bihar

सुख जाए चाहे कितना मन का उपवन,
एक कोना फिर भी सदा बसन्त होगा।
आशा के बीज जब हौसलों से सिचेंगे,
तो सूखे मन में भी हरापन होगा।



25 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सपने वो नहीं जो नींद में आएँ, सपने

वो हैं जो आपको नींद न आने दें।

**डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम**



राकेश कुमार